राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj1@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/ दिनांक :

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय : महाविद्यालयों में दिनांक 08 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2024 तक खेल सप्ताह आयोजित करवाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि **खेलकूद प्रतियोगिता** के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सर्वांगीण विकास करने, उनमें आत्मविश्वास बढाने और टीम स्प्रीट की भावना विकसित करने के उद्देश्य से खेल सप्ताह का आयोजन आवश्यक है। खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी राजकीय महाविद्यालयों में दिनांक 08 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2024 तक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इन खेलकूद प्रतियोगिताओं में दो प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा-

1. Indoor Games
2. Outdoor Games

**खेलकूद प्रतियोगिताओं की सूची निम्न प्रकार है-**

| S. No. | Indoor Games | Outdoor Games |
|---|---|---|
| 1. | कैरम बोर्ड | खो-खो |
| 2. | बास्केट बॉल | कब्बडी |
| 3. | शतरंज | फुटबॉल |
| 4. | प्रश्नौत्तरी (मौखिक) | हॉकी |
| 5. | टेबल टेनिस | वॉलीबॉल |
| 6. | | क्रिकेट |

RajKaj Ref
5251308

Signature valid
Digitally signed by Sunil Sharma
Designation: Commissioner
Date: 2023.12.30 1?:22:44 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| 7. | | बेडमिंटन |
| 8. | | कुश्ती |
| 9. | | गोलाफेंक |
| 10. | | तश्तरी फेंक |
| 11. | | भाला फेंक |
| 12. | | हेमर थ्रो |
| 13. | | लम्बी कूद |
| 14. | | ऊंची कूद |
| 15. | | रस्साकशी |
| 16. | | दौड़ (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 4 X 100 Relay, 4 X 400 Relay) |

उपरोक्त खेलों के अलावा यदि महाविद्यालय कोई अन्य खेल आयोजित करवाना चाहे तो करवा सकते हैं।

खेलकूद प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि-

1. महाविद्यालय स्तर पर इन प्रतियोगिताओं के सुचारू आयोजन हेतु उपलब्ध संकाय सदस्यों में से खेल अधिकारी सहित अधिकतम पांच संकाय सदस्यों की समिति का गठन किया जाएगा।
2. महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कम से कम एक खेल गतिविधि में अनिवार्यतः भाग लेना होगा तथा अधिकतम तीन खेलों में भाग ले सकता है।
3. खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु निर्णायक मंडल का गठन प्राचार्य तथा आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा।
4. महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगितावार सर्वश्रेष्ठ विजेता को जिला स्तर/संभाग स्तर/विश्वविद्यालय स्तर या राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा साथ

RajKaj Ref 5251308

Signature valid
Digitally signed by Sunil Sharma
Designation: Commissioner
Date: 2023.12.30 17:22:44 IST
Reason: Approved

ही नोडल महाविद्यालयों द्वारा सर्वश्रेष्ठ विजेताओं के मध्य पुनः खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा।

5. खेल प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु यह सूचना सोशल मीडिया, व्हाट्सएप्प ग्रुप, स्थानीय समाचार पत्रों तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचना प्रेषित कर तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों की ई-मेल आई डी पर भी भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।
6. खेल सप्ताह के सुचारू संचालन के लिए प्राचार्य अपने स्तर पर सभी संकाय सदस्यों को नामित करते हुए इन खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन करें।
7. खेल सप्ताह के दौरान या इसके उपरान्त महाविद्यालय अपने स्तर पर किसी भी खेल प्रतियोगिता हेतु टूर्नामेंट आयोजित करवाना चाहते हैं, तो करवा सकते हैं जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी भी भाग ले सकते हैं तथा टूर्नामेंट के आयोजन का तथा महाविद्यालय में आयोजित होने वाले खेल सप्ताह का समस्त व्यय विकास समिति या छात्रनिधि कोष से किया जाए, जिसकी अनुमति प्रदान की जाती है।
8. खेल सप्ताह के दौरान किसी एक दिन महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के मध्य भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करें।
9. खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के पास महाविद्यालय का परिचय पत्र होना आवश्यक है।
10. खेल सप्ताह के दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ विजेताओं को महाविद्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।
11. महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता के फोटोग्राफ्स, विडियो और खेल प्रतियोगितावार विजेता प्रतिभागी का नाम व कक्षा **Academics 2023-2024** के नाम से गूगल ड्राइव में सभी खेल प्रतियोगिताओं के अलग-अलग फोल्डर बनाकर उनका लिंक

RajKaj Ref
5251308

Signature valid
Digitally signed by Suni Sharma
Designation: Commissioner
Date: 2023.12.30 1?:22:44 IST
Reason: Approved

Sports competition हेतु आयुक्तालय द्वारा जारी स्प्रैडशीट **"Academics 2023-2024"** में दिए गए महाविद्यालय के नाम की पंक्ति के अंत में गूगल ड्राइव लिंक को प्रेषित करें ।

12. महाविद्यालय के UG एवं PG के नियमित विद्यार्थियों का डेटा Excel Format (Softcopy) में भरकर प्रेषित किये गए Google Form में Excel File को Upload कर भरना सुनिश्चित करें। Google Form का लिंक महाविद्यालय की E-Mail ID एवं प्राचार्य के Whatsapp Group पर प्रेषित कर दिया गया है। **Excel Format में E-Mail ID एवं Online Admission Application ID भरना अनिवार्य है। Excel Format का प्रारूप आदेश के साथ संलग्न है। Excel Format का प्रारूप Softcopy में बनाकर Softcopy में ही Upload करें।**

**आयुक्त**
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांक: CCE/ISDC/Misc./Direction/2022/ दिनांक:

प्रतिलिपि सूचनार्थः-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
6. वैब प्रभारी आयुक्तालय को अपलोड करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
5251308

Signature valid
Digitally signed by Sunil Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2023.12.30 1?:22:44 IST
Reason: Approved